UNI
BREVITY
ACCURACY
SPEED

यूनीवार्ता
भारत की अग्रणी संवाद समिति

Tuesday, Jun 1 2021 | Time 11:31 Hrs(IST)

भारत

Posted at: May 31 2021 7:53PM

साहित्य अकादमी हाल ही में दिवगंत हुए साहित्यकारों पर फिल्मों का प्रसारण करेगी

साहित्य अकादेमी

नई दिल्ली, 31 मई (वार्ता) साहित्य अकादमी हाल ही में दिवगंत हुए प्रख्यात साहित्यकारों पर पांच दिन फिल्मों का प्रसारण अपने यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर स्मृति शीर्षक से कर रही है। इन वृत्तचित्र फिल्मों का प्रसारण 1 जून से 5 जून के बीच में सायं 4 बजे किया जाएगा। इसमें शामिल लेखक हैं _ शंख घोष, मनोज दास, सुगाता कुमारी,रेवा प्रसाद द्विवेदी और चंद्रनाथ मिश्र अमर।

साहित्य अकादमी के सचिव के.श्रीनिवासराव ने बताया कि ये सभी वे लेखक हैं जो हाल ही के दिनों में कोरोना महामारी आदि के चलते हमारे बीच नहीं रहे हैं । इन सब की स्मृति को नमन करने के लिए इन वृत्तचित्र फिल्मों को प्रसारित करने का निर्णय लिया गया है जिससे उनके हजारों पाठक उनके बारे में और विस्तार से जान सकें।

दिवगंत साहित्यकारों पर वृत्तचित्र फिल्मों का प्रसारण आज से

नई दिल्ली (एसएनबी)। साहित्य अकादमी हाल में दिवगंत हुए प्रख्यात साहित्यकारों पर पांच फिल्मों का प्रसारण अपने यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर 'स्मृति' शीर्षक से कर रही है। इन वृत्तचित्र फिल्मों का प्रसारण एक जून से 5 जून के बीच शाम 4 बजे किया जाएगा। स्मृति शीर्षक के तहत शंख घोष, मनोज दास, सुगाता कुमारी, रेवा प्रसाद द्विवेदी और चंद्रनाथ मिश्र 'अमर' जैसे साहित्यकारों पर बनी फिल्में (वृत चित्र) दिखाई जाएंगी। यह जानकारी साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने दी हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी वह लेखक हैं, जो हाल ही के दिनों में कोरोना महामारी से हमारे बीच नहीं रहे। इन सबकी स्मृति को नमन करने के लिए इन वृत्तचित्र फिल्मों को प्रसारित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि उनके हजारों पाठक उनके बारे में और विस्तार से जान सकें।

नई दिल्ली, 31 मई (हि.स.)। साहित्य अकादेमी हाल ही में दिवगंत हुए प्रख्यात साहित्यकारों पर पांच दिन फिल्मों के प्रसारण का कार्यक्रम अपने यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर 'स्मृति' शीर्षक से आयोजित कर रही है। इन वृत्तचित्र फिल्मों का प्रसारण 1 से 5 जून के बीच में सायं 4 बजे किया जाएगा।

साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने सोमवार को बताया कि साहित्यकार शंख घोष, मनोज दास, सुगाता कुमारी, रेवा प्रसाद द्विवेदी और चंद्रनाथ मिश्र 'अमर' हाल ही के दिनों में कोरोना महामारी आदि के चलते हमारे बीच नहीं रहे हैं। इन सबकी स्मृति को नमन करने के लिए वृत्तचित्र फिल्मों को प्रसारित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे उनके हजारों चाहने वाले उनके बारे में और विस्तार से जान सकें।